an>

Title: Need to accord status cof central institute to 'Dr APJ Abdul Kalam Women's Institute of Technology', Darbhanga, Bihar -laid.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा (बिहार) महिलाओं को तकनीकी रूप से शिक्षित कर उन्हें सशक्त एवम् प्रबल बनाने का अनवरत प्रयास वर्ष - 2004 से करता आ रहा है । इस संस्थान का उद्घाटन भारतरत्न, प्रख्यात वैज्ञानिक एवम् तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी के कर कमलों से हुआ था लेकिन आज यह संस्थान अपने अस्तित्व को बचाते हुए अपने लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करता आ रहा है । महोदय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान दरभंगा के उद्देश्य, लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं भूत और वर्तमान की स्थिति एवं माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के प्राथमिकताओं एवम् नारी सशक्तीकरण योजना जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के तहत इस संस्थान को केन्द्रीय तकनीकी संस्थान की मान्यता देते हुए इसे अपनाने की कृपा की जाय ताकि संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देश एवम् समाज की सेवा करती रहे ।